दिल्ली चुनाव में जनता ने नकारा तो कांग्रेस को फिर याद आ रहे हैं हिंदू : मदन राठौड़

'बांग्लादेश में हिंसा रोकने के लिए केन्द्र सरकार कर रही कूटनीतिक प्रयास'

जयपुर (कासं) । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बांग्लादेश हिंसा पर किए गए ट्वीट पर पलटवार करते हुए कहा है कि दिल्ली चुनावों में करारी हार के बाद अब कांग्रेस नेताओ को एक बार फिर हिंदू याद आने लगे है। दिल्ली चुनावों में तुष्टीकरण के चलते धर्म विशेष को खुश करने के लिए इतने दिन किसी भी कांग्रेस नेता के मुंह से बांग्लादेश हिंसा पर एक शब्द नहीं निकला लेकिन दिल्ली चुनाव के नतीजे आने के बाद एक बार फिर कांग्रेस नेताओं ने छद्म हिंदुत्व का राग अलापना शुरू कर दिया है। सदैव तुष्टीकरण की बात करने वाले भी अब हिन्दु हितो की बात करने लगे हैं यह अच्छी बात है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि बांग्लादेश हिंसा को लेकर केन्द्र सरकार कूटनीतिक रूप से वहां की सरकार पर दवाब बना रही है। केन्द्र सरकार एवं विदेश मंत्रालय में समय समय पर बांग्लादेश के दूतावास एवं बांग्लादेश सरकार को हिन्दुओं पर हो रहे हमलो को रोकने का कड़ा सन्देश दिया हैं साथ ही विदेश मंत्रालय

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़

पूर्ण स्थिति पर निगाह बनाऐ हुऐ है। केन्द्र सरकार के साथ ही भाजपा ऐसी अमानवीय घटनाओं की पूर्णत: रोकथाम के लिए निरन्तर प्रयासरत हैं। वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व के अनेक लोकतांत्रिक देशों से बात कर उन देशों द्वारा भी बांग्लादेश पर यथोचित दबाव बनाने का निरन्तर प्रयास किया हैं। केन्द्र सरकार के इन प्रयासो के कारण ही बांग्लादेश में निर्मम अमानवीय हिंसक घटनाओं पर अंकुश लगा है।

- 'पुजारियों के मानदेय में बढोतरी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का ऐतिहासिक निर्णय'
- दिल्ली के बाद अब बिहार चुनावों का परिणाम भी भाजपा के पक्ष में आएगा : राठौड़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने भाजपा कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए पुजारियों के मानदेय बढोतरी के निर्णय को ऐतिहासिक बताया और कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ तुष्टीकरण किया था, एक ही धर्म को आगे बढाने का कार्य किया। हम सभी धर्मो का सम्मान करते है। मंदिरों को कांग्रेस सरकार ने कोई सहयोग नहीं किया उल्टा मंदिरों पर टैक्स लगाए। देवस्थान विभाग ने अंडरटेकिंग करने का काम किया है। सीएम भजनलाल ने पवित्र स्थल कुंभ में जाकर मंत्रिमंडडल की बैठक की और पुजारियों का मानेदय बढाया। वहीं मंदिरों के विकास पर उन्होंने कहा कि मंदिर संस्कार व आध्यात्मिक शक्ति के स्थल है और मंदिर जाने के बाद आमजन में आत्मविश्वास का भाव जागृत होता है। इस दौरान दिल्ली चुनावों के नतीजों पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि यह सही है असत्य ज्यादा दिन नहीं चल सकता। अन्ना हजारे के आंदोलन से उपजी देशवासियों की भावनाओं को केजरीवाल ने हथियार बनाया और आम आदमी के नाम का सहारा लेकर दिल्ली की सत्ता हासिल की।

इसके बाद केजरीवाल और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी आकंठ भ्रष्टाचार में डूब गए थे। उनके ऐसे कारनामो को देखकर लगता है कि आम आदमी पार्टी का लंबा भविष्य नहीं है। दिल्ली चुनाव के नतीजों ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि पीएम नरेन्द्र मोदी ही स्वच्छ और भ्रष्टाचार मुक्त शासन दे सकते है। दिल्ली के बाद अब बिहार के चुनावों में भाजपा जीत का परचम लहराएगी।

विकास के विजन के साथ आगे बढ़ रहा देश, 2047 तक होगा विकसित : देवनानी

'भारतीय जीवन बीमा निगम देश की तरक्की और आमजन में सुरक्षा के भाव का महत्वपूर्ण अंग'

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंश्योरेंस वर्कर्स की 19वीं त्रैवार्षिकी ऑल इण्डिया कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ किया।

जयपुर । विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि आज का भारत एक वृहद दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। हम विश्वगुरू थे और रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में भारत की अलग पहचान है। वर्ष 2047 तक हम निश्चित रूप से विकसित भारत बन जाएंगे। नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंश्योरेंस वर्कर्स की 19वीं त्रैवार्षिकी ऑल इण्डिया कॉन्फ्रेंस अजमेर में आयोजित हुई। इसमें पूरे देश के भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्मिकों ने भाग लिया।

अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि देश एक वृहद विजन के साथ आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2047 तक हम निश्चित रूप से एक विकसित राष्ट्र बन जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को जो सशक्त नेतृत्व दिया है वह हमें पूरी दुनिया में सबसे मजबूत और शक्तिशाली बना रहा है। उन्होंने एलआईसी कार्मिकों का आव्हान किया कि देश के लिए वे भी अपना सम्पूर्ण योगदान दें। देवनानी ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम देश की तरक्की और आमजन में सुरक्षा के भाव का एक महत्वपूर्ण अंग है। निगम का बीमा यानि सुरक्षा की गारंटी, आमजन को किसी भी स्तर पर परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि भारत में बड़ी संख्या ग्रामीण आबादी की है। एलआईसी गांवों तक भी अपनी पहुंच बनाने के लिए एक बड़ी रणनीति बनाकर काम करे और ग्रामीणों को अपनी वित्तीय सुरक्षा के दायरे में लें। पूरे देश में आज 55 से 60 प्रतिशत बीमा मार्केट में एलआईसी का प्रभुत्व है। यह विश्वास एलआईसी ने अपनी शानदार सेवाओं से बनाया है। इस विश्वास को और अधिक मजबूत करें तथा गांवों तक अपनी सेवाओं का लाभ पहुंचाएं।

रावत ने कहा कि ग्रामीण आबादी को बीमित करने से निचले स्तर तक सुरक्षा व खुशहाली बढेगी। गांव का आदमी वित्तीय रूप से सुरक्षित महसूस करेगा तो वह और अधिक जोश व लगाव के साथ देश की तरक्की में अपना योगदान देगा व उत्पादकता को बढ़ाएगा।

आयोजन समिति अध्यक्ष सुनील दत जैन ने कहा कि युग परिवर्तित हो रहा है, हम भी बदलें। स्वयं भी जागृत हो और देश को भी जागृत करे। पिछले करीब डेढ दशक में देश की दशा व दिशा बदली है, हम भी इसमें अपना पूरा योगदान दें। स्वागत अध्यक्ष के रूप में सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने सभी का स्वागत किया। नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंश्योरेंस वर्कर्स के महामंत्री अतुल देश पांडे ने संगठन की सोच व कार्यशैली से अवगत कराया।

कार्यक्रम में एनओआईडब्ल्यू के पदाधिकारी एवं देशभर से आए प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्यानेश प्रजांपे सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन अनुराग मिश्रा ने किया।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रयागराज में की पूजा-अर्चना

प्रयागराज/जयपुर । उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को प्रयागराज में पावन त्रिवेणी संगम तट पर स्थित अक्षय वट के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सकल मंगलकामनाओं की पूर्ति के लिए आस्था का दीप जलाया एवं समस्त विश्व के कल्याण की कामना की।

उन्होंने कहा कि अक्षय वट आज सनातन धर्म के ध्वजवाहक के तौर पर सकल विश्व में अपनी पहचान को पुख्ता कर रहा है। यह वट उस अमर चेतना का परिचायक है, जो हजारों वर्षों से ज्ञान, विज्ञान एवं अध्यात्म के रूप में भारत में प्रवाहित हो रही है। इस दौरान दिया कुमारी ने बड़े हनुमान मंदिर और प्राचीन नागवासुकी मंदिर में भी पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की।

- उप मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में सफाईकर्मियों के योगदान को सराहा

इस दौरान उन्होंने जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर आचार्य अवधेशानंद गिरि महाराज एवं जगतगुरु रामानंदाचार्य रामभद्राचार्य महाराज का वंदन कर उनका आशीर्वाद एवं प्रेरणादाई मार्गदर्शन प्राप्त किया तथा विभिन्न धार्मिक व सामाजिक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संतों का सानिध्य सनातन में पुण्य कर्मों का प्रतिफल है। पूज्य साधु-संतों का आशीर्वाद प्राप्त कर ईश्वर की अनंत कृपा का अनुभव कर रही हूं।

उन्होंने कहा कि महाकुम्भ की पवित्रता को बनाए रखने वाले स्वच्छता कर्मी असली नायक हैं। स्वच्छता के इस महान कार्य में उनकी मेहनत और समर्पण से यह महापर्व और भी दिव्य एवं स्वच्छ बना है। आइए, हम सब उनके प्रयासों की सराहना करें और महाकुम्भ मेला क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने में उनका सहयोग करें। उनका योगदान न केवल महाकुम्भ की भव्यता बढ़ाता है, बल्कि हमें यह सिखाता है कि किसी भी धार्मिक आयोजन को सही अर्थ में पवित्र बनाने के लिए स्वच्छता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

साइबर ठगी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

जयपुर/अलवर। अलवर जिले की बगड़ तिराहा थाना पुलिस ने दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेक आईडी से विज्ञापन देकर खिलौनों की होम डिलीवरी पहुंचाने के नाम पर एडवांस के रूप में रकम लेकर ठगी किया करते थे। पुलिस ने इनके पास से दो एंड्राइड मोबाइल और दो सिम कार्ड बरामद किए हैं, जिनमें ठगी से संबंधित साक्ष्य मिले हैं।

अलवर एसपी संजीव नैन ने बताया कि जिले में ऑनलाइन ठगी, सेक्सटॉर्शन आदि के विरुद्ध कार्रवाई के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ तेजपाल सिंह व पुलिस उपाधीक्षक यातायात मुकेश चौधरी के नेतृत्व में टीम गठित की गई है। गठित टीम लगातार ऑनलाइन ठगी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। साथ ही साइबर ठगी से प्रभावित गांवों में दबिश देकर साइबर ठगी में लिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर रही है।

इसी क्रम में एसएचओ बगड़ तिराहा श्यामलाल मीणा मय टीम द्वारा आ सूचना तंत्र में तकनीकी सहायता की मदद से गांव नाडका में दबिश दी। जहां मोबाइल से साइबर ठगी का प्रयास कर रहे दो आरोपियों अजहरुद्दीन मेव पुत्र सपात खां (20) निवासी नाडका थाना बगड़ तिराया एवं जफरुद्दीन मेव पुत्र श्योदान खान (25) निवासी दौंगड़ाकी थाना सीकरी जिला डीग को गिरफ्तार कर साइबर ठगी में प्रयुक्त दो मोबाइल व दो सिम जप्त की है।

26 सीसीटीवी कैमरों का शिलान्यास

जयपुर। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने विधायक कोष द्वारा प्रदत्त 30 लाख रुपए की लागत से वार्ड 146 शर्मा कॉलोनी, 22 गोदाम में लगाए जाने वाले 26 सीसीटीवी कैमरों का शिलान्यास किया। पार्षद कविता कटियार ने बताया कि आए दिन असामाजिक तत्वों के द्वारा गाड़ियों के शीशे तोड़े जाते हैं। कैमरे लग जाने से अपराधों पर अंकुश लगेगा। नटवर कुमावत ने बताया कि विधायक सराफ ने विधानसभा चुनाव में विधानसभा क्षेत्र की जनता से वादा किया था कि आने वाले 5 साल में सभी 26 वार्डों में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। इसके तहत 27 कॉलोनीयों में अभी तक सीसीटीवी कैमरे लगवाये जा चुके हैं एवं 14 कॉलोनीयों में कार्य प्रगति पर है।स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारीयों ने सराफ का माला एवं साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद कविता कटियार, पार्षद हिमांशु जैन, महेश सैनी बच्चु, शर्मा कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष शैलेश शर्मा, सचिव मोहनलाल भोजवानी, उपाध्यक्ष योगेश बिरला मौजूद थे।

राज्यपाल ने नासिक पहुंचकर कालाराम मंदिर में भगवान श्रीराम के दर्शन किए

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे रविवार को नासिक स्थित कालाराम मन्दिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में विराजित भगवान श्रीराम की काले पाषाण से बनी मूर्ति की पूजा अर्चना की। राज्यपाल ने भगवान श्रीराम से राष्ट्र की सम्पन्नता और खुशहाली की कामना की।

गीत और भजनों की प्रस्तुतियां दी

जयपुर। जवाहर कला केंद्र में आयोजित तीन दिवसीय संगीत उत्सव 'सुमिरन' के आखिरी दिन रविवार को संजय रायजादा और दीपक माथुर ने भजन और गीतों से समां बांधा। संगीत प्रेमियों के लिए आयोजित यह कार्यक्रम गजल सम्राट जगजीत सिंह को समर्पित रहा। दीपक माथुर ने मां भवानी को याद करते हुए 'हे अम्बे तेरे द्वारे आ गए हैं', 'लक्ष्मण दायें भाग हैं,सीता बायीं ओर' भजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद दीपक ने 'चांद उगता आ रहा है', 'सूरज निकल रहा है तेरा ख्याल लेकर', 'नीले नभ के तले', 'आंख जब अश्क बहाये' गीतों के साथ शाम को सुरमयी बनाया गया। इस दौरान माहौल में भक्तिमय रंग भी घुला जिसमें 'आ गए हैं राम अवध में', 'मेरो मन राम ही राम रटे रे' भजन गुनगुनाए गए। वहीं संजय रायजादा ने 'हे राम, हे राम, जग में साचो तेरा नाम (सुदर्शन फकीर)', 'दीनन दुख हरन देव संतर हितकारी (सूरदास), 'अम्बे चरण कमल हैं तेरे' भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इसके अलावा 'ये दौलत भी लेलो, ये शोहरत भी लेलो', 'मिलकर जुदा हुए तो न सोया करेंगे हम' भजनों संग गीतों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

15 लाख रुपए ठगने वाला फर्जी पुलिस अफसर पकड़ा

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। एयरपोर्ट थाना इलाके में सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर युवक से 15 लाख रुपए ठगने के मामले में फर्जी पुलिस अधिकारी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी खुद को इंटेलिजेंस ब्यूरो का डीवाईएसपी बताता था। आरोपी श्रीनिवास राव चौबे दिल्ली का रहने वाला है। वह रामनगरिया इलाके में किराए का फ्लैट लेकर रह रहा था। आरोपी ने अपनी कार पर भारत सरकार की नेम प्लेट लगा रखी है। पुलिस ने आरोपी की कार को जब्त कर लिया है। आरोपी ने जेडीए और वित्त विभाग में नौकरी लगने का झांसा देकर की लाखों रुपए की धोखाधड़ी की थी।

पुलिस के अनुसार तिलक नगर भरतपुर निवासी नितिन ने मामला दर्ज करवाया कि श्रीनिवास चौबे ने उसे व उसके दोस्तों को सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर उससे कई बार में 15 लाख रुपए ठग लिए। रुपए मांगने पर आरोपी पहले तो आनाकानी करता रहा और फिर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

इस पर पीड़ित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। आरोपी ने प्रति मेंबर पांच लाख रुपए लिए थे। आरोपी ने पूछताछ में एक दर्जन से ज्यादा ठगी की वारदात करना कबूल किया है।

- सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी थी रकम
- आरोपी ने अपनी कार पर भारत सरकार की नेम प्लेट लगवा रखी थी

आरोपी खुद को इंटेलिजेंस ब्यूरो में उच्च पद पर आसीन बताता था।

कनाड़ा में नौकरी लगाने के नाम पर व्यक्ति से ठगे 20 लाख : जयपुर। ज्योति नगर थाना इलाके में कनाडा में नौकरी लगाने के नाम पर एक व्यक्ति से 20 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पीडित ने इस सम्बंध में थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार जनकपुरी प्रथम निवासी शिवजीराम बैरवा ने मामला दर्ज करवाया कि चांदनी प्रवीण और हरप्रीत कौर ने उसे कनाडा में जॉब लगाने का झांसा दिया।

आरोपियों ने इस बहाने से उससे कई बार में 19 लाख 98 हजार 663 रुपए ले लिए। रुपए लेने के बाद भी आरोपियों ने उसे नौकरी नहीं लगवाई। आरोपी अब रुपए लौटाने से भी इनकार कर रहे है। रुपए मांगने पर आरोपी उसे डरा धमका रहे है।

कैफे की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर पुलिस की छापेमारी

जयपुर (कासं)। ज्योति नगर थाना पुलिस ने कैफे की आड में चल रहे हुक्का-बार में कार्रवाई करते हुए मैनेजर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से कई हुक्के, पाइप, चिलम एवं भारी मात्रा मे हुक्का फ्लेवर जब्त किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि ज्योति नगर थाना पुलिस ने इलाके के धारिवाल चैम्बर के पास स्थित संचालित अननौन कैफ पर कार्रवाई की गई है जहां कैफे की आड़ में हुक्का बार चल रहा था। पुलिस को पिछले कुछ दिनों से यहां पर कैफ की आड़ में हुक्का पिलाने की सूचना मिल रही थी। जिस पर पुलिस ने एक टीम का गठन किया और पुलिसकर्मी को सादा वर्दी में भेज कर इसकी तस्दीक करवाई। इसके बाद पुलिसकर्मी के इशारा मिलने पर छापा मारा गया। पुलिस ने बिना लाइसेंस के हुक्का पिला रहे कैफे मैनेजर सूरज सिंह निवासी दनिया जिला अल्मोड़ा (उत्तराखंड) को गिरफ्तार किया। इसके अलावा कार्रवाई के दौरान पुलिस ने वहां से हुक्के, पाइप, चिलम एवं भारी मात्रा मे हुक्का फ्लेवर जब्त किया है।

गोविंद देवजी मंदिर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ

जयपुर। प्रयागराज महाकुंभ में आराध्य देव गोविंद जी के आशीर्वाद से लगाए गए गोविंद धाम अन्नक्षेत्र (शिविर) के समापन रविवार को गोविंद देवजी मंदिर में निशुल्क नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। पूजा-अर्चना कर शिविर के निर्विघ्न रूप से संपन्न होने पर भगवान को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में होने महायज्ञ को गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के विद्वानों की टोली ने संपन्न कराया।

ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने दीप प्रज्वलित कर यज्ञ का शुभारंभ किया। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में आचार्य पीठ से गायत्री प्रसाद, डॉ अजय भारद्वाज, दिनेश भारद्वाज ने प्रज्ञा गीतों और प्रभावी उद्बोधन के साथ यज्ञ के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। गोविंद देवजी, वेदमाता गायत्री और गुरू सत्ता का सोडशोपचार पूजन कर अग्नि प्रज्जवलन कर तीन पारियों में 200 से अधिक श्रद्धालुओं ने यज्ञ देवता को आहुतियां प्रदान की। गायत्री एवं महामृत्युंज महामंत्र के अलावा सूर्य, रूद्र, शिव, नवग्रह मंत्रों से भी आहुतियां प्रदान की गई। देवेश कुमार, सौरव शर्मा, ओम प्रकाश, परी सहित दस लोगों ने जन्मदिन और विवाह दिवस संस्कार भारतीय

- प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ में सेवा देने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया

संस्कृति के अनुसार मनाया। सभी लोगों ने उनके दीर्घायु और मंगल कामना के लिए पुष्प वर्षा का आशीर्वाद दिया। गोविंद देव जी मंदिर की ओर से इनका दुपट्टा पहना कर और प्रसाद देकर सम्मान किया गया। उनके उज्जवल भविष्य के लिए विशेष आहुतियां प्रदान की गई। जो लोग अस्पताल में भर्ती है उनके शीघ्र स्वस्थ होने और रोग मुक्ति की कामना के साथ सूर्य गायत्री मंत्र से आहुतियां प्रदान की गई। प्रयाग कुंभ में सेवा देने वाले मुकेश पारीक, आनंद अग्रवाल, नितिन भारद्वाज, पीयूष शर्मा, गोविंद सिंह, लालचंद सागर सहित अन्य का दुपट्टा धारण कराकर तथा ठाकुर जी की छवि भेंट कर सम्मान किया गया।

श्रद्धालुओं का प्रयागराज के कुंभ जल से अभिसिंचन किया गया । महंत संजय गोस्वामी, समाजसेवी चन्द महेश झालानी, प्रभात कुमार शर्मा, अर्चना खेतान, सायर कंवर, राधा अग्रवाल सुनीता गुर्जर, प्रशांत सिंह झाला, वासुदेव दाधीच सहित अनेक यजमानों ने प्रारंभ में देव पूजन किया।

एम.डी. ड्रग बेचते दो तस्कर गिरफ्तार

जयपुर। करणी विहार थाना पुलिस ने एमडी ड्रग बेचते दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि स्कॉर्पियो से दोनों तस्कर एमडी ड्रग की सप्लाई करते थे। चाय-पान की थड़ी पर बैठे युवाओं को ड्रग देते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एमडी ड्रग व स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद की है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि करणी विहार थाना पुलिस ने एमडी ड्रग बेचते तस्कर जगदीश विश्नोई (33) व मनोहर विश्नोई (25) निवासी सेडवा बाड़मेर को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी एकता नगर एफ-ब्लॉक गांधीपथ करणी विहार में रहते है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों के कब्जे से 8.79 ग्राम एमडी ड्रग व बिक्री के 17 हजार रुपए बरामद किए हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ड्रग बेचने में यूज स्कॉर्पियो गाड़ी को जब्त किया है। पूछताछ में आरोपियों ने एमडी ड्रग बाड़मेर के धोरीमन्ना से राहुल विश्नोई से खरीदकर जयपुर में चाय-पान की थड़ियों पर छोटे पैकेट में सप्लाई करना कबूल किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी ड्रग तस्करी के मामले दर्ज है।

सभी सहकारी पैक्सकर्मियों का पीएफ़ खाता व नियमानुसार पी.एफ. अंशदान कटौती की व्यवस्था करे सरकार : आमेरा

पैक्स की आर्थिक समृद्धि व कार्मिक की सेवा सुरक्षा के लिए कैडर गठन माँग प्रस्ताव पारित

जयपुर। सहकारी साख समितियाँ एम्पलाईज यूनियन राजस्थान के जयपुर ज़िला प्रतिनिधियों की बैठक रविवार को यूनियन के प्रान्तीय अध्यक्ष सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।

यूनियन के सचिव सोहन लाल शर्मा ने बताया कि बैठक में बताया गया कि, ज़िले में अधिकांश पैक्स कर्मियों के पीएफ़ खाते नहीं खुले हुए है और वेतन से पीएफ़ कटौती होकर जमा नहीं हो रहा है, सेवा निवृत्ति पर पीएफ़ व ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं हो पा रहा है । कई पैक्स में कर्मियों को नियमित मासिक वेतन भुगतान नहीं हो रहा है ।

सहकार नेता आमेरा ने पैक्स प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि सहकारिता में यह कैसी विडंबना है कि आज आज़ादी के अमृत काल में 75 वर्ष बाद भी प्रदेश की 8000 पैक्स में कार्यरत स्थाई पैक्स कर्मियों का पीएफ़ खाता तक नहीं खुला हुआ है, न ही पीएफ़ कट रहा है और रिटायरमेंट पर पीएफ़ व ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं हो रहा है, नियमित मासिक वेतन भुगतान नहीं हो रहा है , जबकि देश के विधान, क़ानून व श्रम प्रावधान के अनुसार हर दैनिक वेतन भोगी संविदा/ठेका/ बाहरी एजेंसी से लगे मज़दूर तक का भी नियमित पी.एफ़. व ईएसआई कटौती होती है, मासिक वेतन भुगतान होता है।

सहकारी पैक्स यूनियन प्रतिनिधियों की बैठक रविवार को प्रान्तीय अध्यक्ष सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

उन्होंने कहा कि, जब देश का सहकारिता मंत्रालय अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता से समृद्धि का भागीरथी अभियान चलाए हुए है, वहीं देश का पैक्सकर्मी रोज़गार की सुरक्षा, वेतन भुगतान व सामाजिक सुरक्षा, सेवानिवृत परिलाभ के लिए तरस रहा है।

आमेरा ने प्रदेश की सरकार, सहकारी विभाग व बैंक प्रबंधन से सभी ज़िलों में पैक्स कर्मियों के पी ए.फ.खाते खुलवाने व नियमानुसार नियोक्ता व कार्मिक का वेतन से पी.एफ़.अंशदान जमा करवाने की कानूनी व्यवस्था लागू करवाने की माँग की है , अन्यथा इससे अनावश्यक क़ानून अवहेलना पर आर्थिक दण्ड व सजा का प्रावधान से क़ानूनी परेशानी की स्थिति हो सकती है। आमेरा ने सभी पैक्स कर्मियों को पैक्स कम्प्यूटरीकरण को गंभीरता से सफल बनाते हुए सहकारी नवाचार लागू कर पैक्स को आर्थिक समृद्ध बनाने के लिए प्रेरित किया ।

बैठक में सहकारी पैक्स कर्मियों की आर्थिक ख़ुशहाली के लिए मुख्य माँग में कैडर गठन व्यवस्था लागू करने, बैंकिंग सहायक भर्ती शीघ्र जारी करने, स्क्रीनिंग पर प्रतिबंध हटाने, समिति में कार्यरत सहायक व्यवस्थापक को ही व्यवस्थापक के रिक्त पद पर कार्यकारी

- 'देश का पैक्सकर्मी रोज़गार की सुरक्षा, वेतन भुगतान व सामाजिक सुरक्षा, सेवानिवृत परिलाभ के लिए तरस रहा'

व्यवस्थापक का लेन देन का चार्ज दिया जाने, समिति में लगे हुए रिटायर दागी, जाँच लंबित, 65वर्ष के व्यवस्थापक को तत्काल हटाया जाने, दो से अधिक समिति का अतिरिक्त कार्यभार से व्यवस्थापक को तत्काल मुक्त करने, मिनी बैंक में नक़द लेनदेन पर टीडीएस कटौती की सीमा बढ़ाने पर चर्चा की गई।

इसी प्रकार सरकार से ऋण माफ़ी पर बकाया ब्याज भुगतान करने, नई गठित समिति को कार्यालय के लिए मुफ़्त ज़मीन देने, समिति जमाओ पर ब्याज दर बढ़ाने, ऋण कमीशन बढ़ोतरी, समिति को पीडीएस का काम देने, किसान को समुचित ऋण राशि दिलवाई जाने के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई । सभी माँगो को सहकारी विभाग, सरकार व बैंक प्रबंधन स्तर पर उठाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक को शंकर सिंह नरूका, ओमसिंह राठौड़, शिवजी लाल जाट, नागेश, राजकुमार मीणा ने संबोधित किया । सोहन लाल शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया ।